**Series ØHPK14/C**

**SET ~ 1**

**कोड नं. 67/1/1**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

| नोट : | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं । |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं । |
| (iv) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । |

# लेखाशास्त्र

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पूरी तरह से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित किया गया है – **भाग क** एवं **भाग ख** । इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* ***भाग ख** में दो विकल्प दिए गए हैं (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा (2) अभिकलित्र लेखांकन । इसमें दिए गए विकल्पों में से आप किसी **एक** विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***चयनित** विकल्प के प्रश्नों का उत्तर आरम्भ करने से पूर्व उत्तर-पुस्तिका पर चयन किए गए **विकल्प का शीर्षक** अवश्य लिखिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **1** से **13** तथा **23** से **29** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **14** और **30** लघु-उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **15** से **18** तथा **31** लघु-उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या **19**, **20** तथा **32** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न संख्या **21** और **22** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है ।*

*(x)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए । किसी भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

*(xi)* *कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालांकि, तीन-तीन अंकों वाले **2** प्रश्नों में, चार-चार अंकों वाले **2** प्रश्नों में और आठ-आठ अंकों वाले **2** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है । आपको ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना है ।*

*(xii)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक भाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## भाग क
## (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** एक साझेदारी फर्म के साझेदार गगन ने प्रत्येक तिमाही के आरम्भ में ₹ 10,000 का आहरण किया। आहरण पर कितने महीनों का ब्याज लगाया जाएगा ? *1*

(A) 6 महीने

(B) 6·5 महीने

(C) 7·5 महीने

(D) 4·5 महीने

**2.** एक साझेदार के प्रवेश के समय फर्म के स्थिति विवरण में प्रदर्शित 'सामान्य संचय' को निम्न में से किनके पूँजी खातों में हस्तान्तरित किया जाता है ? *1*

(A) पुराने साझेदारों के पुराने लाभ विभाजन अनुपात में

(B) पुराने साझेदारों के नए लाभ विभाजन अनुपात में

(C) सभी साझेदारों के नए लाभ विभाजन अनुपात में

(D) पुराने साझेदारों के त्याग अनुपात में

**3.** _________ अधिकृत पूँजी का वह भाग है जिसे अभिदान के लिए निर्गमित किया जाता है। *1*

(A) अभिदत्त पूँजी

(B) माँगी गई पूँजी

(C) निर्गमित पूँजी

(D) प्रदत्त पूँजी

**4.** अलाभकारी संगठनों द्वारा आय एवं व्यय खाता ______ के आधार पर तैयार किया जाता है। (नकद/उपार्जन) *1*

**5.** किरण लिमिटेड ने रोहन लिमिटेड से ₹ 12,00,000 की मशीनरी का क्रय किया। कम्पनी ने राशि का भुगतान ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों को 20% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया। रोहन लिमिटेड को निर्गमित किए गए अंशों की संख्या होगी : *1*

(A) 1,80,000 अंश

(B) 1,50,000 अंश

(C) 1,20,000 अंश

(D) 1,00,000 अंश



collegedunia India's largest Student Review Platform

**6.** एक साझेदारी फर्म के विघटन के समय ₹ 90,500 के एक लेनदार ने ₹ 77,775 मूल्य का स्टॉक पूर्ण निपटान हेतु ले लिया । इसके लिए निम्न में से कौन-सी लेखांकन प्रविष्टि की जाएगी ? *1*

| | विवरण | | नाम राशि ₹ | जमा राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| (A) | वसूली खाता | नाम | 90,500 | |
| | बैंक खाता | | | 90,500 |
| (B) | वसूली खाता | नाम | 77,775 | |
| | बैंक खाता | | | 77,775 |
| (C) | लेनदार खाता | नाम | 77,775 | |
| | बैंक खाता | | | 77,775 |
| (D) | कोई प्रविष्टि नहीं | | | |

**7.** शिव, मोहन तथा हरी साझेदार थे तथा 2 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 मार्च, 2020 को मोहन की मृत्यु हो गई । फर्म द्वारा 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ₹ 1,44,000 का लाभ अर्जित किया गया । मोहन के पूँजी खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जाने वाली लाभ की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 72,000

(B) ₹ 3,600

(C) ₹ 36,000

(D) ₹ 18,000

**8.** एक्स, वाई तथा ज़ैड एक फर्म में साझेदार थे तथा क्रमशः $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{3}$ तथा $\frac{1}{6}$ के अनुपात में लाभ बाँटते थे । ज़ैड ने फर्म से अवकाश ग्रहण करने का निर्णय लिया । उसके अवकाश ग्रहण की तिथि पर, फर्म के स्थिति विवरण में ₹ 1,20,000 का 'कामगार क्षतिपूर्ति संचय' प्रदर्शित हो रहा था । ₹ 67,500 का कामगार क्षतिपूर्ति दावा किया गया । दावे से अधिक संचय राशि की खतौनी की जाएगी : *1*

(A) पुनर्मूल्यांकन खाते के नाम पक्ष में

(B) पुनर्मूल्यांकन खाते के जमा पक्ष में

(C) साझेदारों के पूँजी खातों के नाम पक्ष में

(D) साझेदारों के पूँजी खातों के जमा पक्ष में



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**9.** निम्न में से कौन-सा लाभ के विरुद्ध प्रभार है ? *1*

(A) साझेदारों के ऋण पर ब्याज

(B) साझेदारों का वेतन

(C) साझेदारों की पूँजी पर ब्याज

(D) साझेदारों के आहरण पर ब्याज

**10.** _________ _________ के अभाव में साझेदारों के आपसी संबंध भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 के द्वारा शासित होते हैं । *1*

**11.** मृतक साझेदार की मृत्यु के समय तक के लाभ में उसके भाग को उसके पूँजी खाते के जमा पक्ष में खतौनी करने के लिए _________ खोला जाता है । *1*

(A) लाभ-हानि विनियोजन खाता

(B) लाभ-हानि उचंत खाता

(C) लाभ-हानि खाता

(D) लाभ-हानि समायोजन खाता

**12.** क तथा ख एक फर्म में साझेदार हैं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । ग को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । क ने अपने भाग का $\frac{1}{4}$ भाग तथा ख ने अपने भाग का $\frac{1}{3}$ भाग, ग के पक्ष में त्याग किया । नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 27 : 16 : 15

(B) 27 : 16 : 17

(C) 27 : 16 : 14

(D) 27 : 16 : 13

**13.** अधिलाभ _________ घटा _________ के बराबर होता है । *1*

(A) वास्तविक लाभ; सामान्य लाभ

(B) सामान्य लाभ; वास्तविक लाभ

(C) औसत लाभ; शुद्ध परिसम्पत्तियाँ

(D) परिसम्पत्तियाँ; बाह्य देयताएँ

**14.** (a) निम्न सूचना से 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के आय एवं व्यय खाते में दर्शाई जाने वाली वर्ष में उपभोग की गई दवाइयों की राशि की गणना कीजिए : *3*

| विवरण | राशि ₹ |
|---|---|
| 1.4.2019 को दवाइयों का स्टॉक | 1,50,000 |
| 1.4.2019 को दवाइयों के लेनदार | 60,000 |
| 31.3.2020 को दवाइयों का स्टॉक | 1,90,000 |
| 31.3.2020 को दवाइयों के लेनदार | 24,000 |
| वर्ष में दवाइयों के लिए भुगतान की गई राशि | 5,00,000 |

**अथवा**



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

(b) निम्न सूचना से 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जाने वाली चन्दे की राशि की गणना कीजिए : 3

| विवरण | राशि ₹ |
|---|---|
| वर्ष में प्राप्त चन्दा | 1,60,000 |
| 31 मार्च, 2020 को अदत्त चन्दा | 11,600 |
| 31 मार्च, 2019 को अदत्त चन्दा | 38,000 |
| 31 मार्च, 2020 को प्राप्त अग्रिम चन्दा | 9,000 |
| 31 मार्च, 2019 को प्राप्त अग्रिम चन्दा | 17,000 |

**15.** (a) पी, क्यू तथा आर एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । साझेदारी संलेख में 10% वार्षिक दर से आहरण पर ब्याज लगाने का प्रावधान है । 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष में पी, क्यू तथा आर की आहरण राशि क्रमशः ₹ 20,000, ₹ 30,000 तथा ₹ 50,000 थी । अंतिम खाते तैयार करने के बाद यह पाया गया कि आहरण पर ब्याज नहीं लगाया गया ।

आहरण पर ब्याज न लगाने की त्रुटि के शुद्धिकरण के लिए आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए । अपनी कार्य-टिप्पणियों को भी स्पष्ट रूप से दर्शाइए । 4

**अथवा**

(b) डब्ल्यू, एक्स तथा वाई साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । एक्स को ₹ 10,00,000 के लाभ की गारंटी दी गई थी । 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म ने ₹ 17,50,000 का लाभ अर्जित किया ।

31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए डब्ल्यू, एक्स तथा वाई का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । 4

**16.** 1 अप्रैल, 2019 को ₹ 100 प्रत्येक के 22,500 समता अंशों में विभक्त ₹ 22,50,000 की अधिकृत पूँजी के साथ चेतन लिमिटेड बनाई गई । कम्पनी ने 18,750 समता अंशों के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | – | ₹ 30 प्रति अंश |
| आबंटन पर | – | ₹ 40 प्रति अंश |
| प्रथम एवं अंतिम याचना पर | – | ₹ 30 प्रति अंश |

निर्गमन पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गया तथा कम्पनी ने सभी आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया । 3,500 अंशों पर प्रथम एवं अंतिम याचना राशि को छोड़कर सभी राशि प्राप्त हो गई ।

(i) कम्पनी अधिनियम, 2013 की सूची III भाग I के अनुसार कम्पनी की अंश पूँजी को इसके स्थिति विवरण में प्रदर्शित कीजिए ।

(ii) इसके लिए 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । 4



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**17.** विभिन्न परिसम्पत्तियों (रोकड़ तथा बैंक को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष देयताओं को वसूली खाते में स्थानान्तरित करने के पश्चात् निम्न लेनदेनों के लिए एक्स तथा वाई की साझेदारी फर्म के विघटन के समय की स्थिति के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *4*

(i) विघटन व्यय ₹ 4,000 थे ।

(ii) ₹ 50,000 पुस्तक मूल्य की मशीनरी को बाज़ार में ₹ 47,000 में बेचा गया तथा इसके लिए दलाल को ₹ 500 कमीशन का भुगतान किया गया ।

(iii) ₹ 70,000 के एक लेनदार ने ₹ 90,000 मूल्य का स्टॉक ले लिया तथा फर्म को ₹ 20,000 का भुगतान किया ।

(iv) वसूली पर ₹ 40,000 की हानि को 5 : 3 के अनुपात में साझेदार एक्स तथा वाई में बाँट दिया गया ।

**18.** उल्लेख कीजिए कि साझेदारी संलेख के अभाव में निम्न परिस्थितियों में किए गए दावे क्या वैध हैं, अपने उत्तर के पक्ष में कारण दीजिए : *2+2=4*

(i) अनिल तथा प्रिया एक फर्म में साझेदार हैं । अनिल ने फर्म को एक ऋण दिया है । उसने 9% वार्षिक दर से ब्याज का दावा किया है ।

(ii) एस तथा वी एक फर्म में साझेदार हैं । एस चाहता है कि पूँजी पर 8% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाए ।

**19.** कूल क्लब के निम्न प्राप्ति एवं भुगतान खाते से 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए : *6*

**31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कूल क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता**

| प्राप्तियाँ | | राशि ₹ | भुगतान | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| शेष नीचे लाए | | 42,500 | वेतन | 33,500 |
| चन्दा : | | | प्रिंटिंग | 23,000 |
| 2018 – 19 | 1,500 | | खेलकूद सामग्री | 21,000 |
| 2019 – 20 | 60,000 | | फर्नीचर (1.10.2019) | 20,000 |
| 2020 – 21 | 1,800 | 63,300 | 10% निवेश (1.10.2019) | 70,000 |
| चैरिटी शो से प्राप्तियाँ (₹ 1,700 पिछले वर्ष के सम्मिलित) | | 81,700 | शेष नीचे ले गए | 20,000 |
| | | 1,87,500 | | 1,87,500 |

*अतिरिक्त सूचना :*

फर्नीचर पर 20% वार्षिक दर से मूल्यहास लगाना है ।

**20.** (i) आनन्द लिमिटेड ने महिमा लिमिटेड से ₹ 3,15,000 मूल्य की मशीनरी क्रय की । मूल्य का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करके किया गया है ।
आनन्द लिमिटेड की पुस्तकों में मशीनरी क्रय करने एवं ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(ii) मानस लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 7% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया । इन ऋणपत्रों का शोधन छः वर्षों पश्चात् 10% प्रीमियम पर करना है ।
मानस लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन से सम्बन्धित आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3+3=6*



collegedunia India's largest Student Review Platform

**21.** (a) आर तथा एस एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2020 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2020 को आर तथा एस का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | बैंक में नगद | | 10,000 |
| आर | 60,000 | | देनदार | 65,000 | |
| एस | 40,000 | 1,00,000 | घटा : संदिग्ध ऋणों के | | |
| | | | लिए प्रावधान | 5,000 | 60,000 |
| सामान्य संचय | | 20,000 | स्टॉक | | 20,000 |
| लेनदार | | 20,000 | मशीनरी | | 50,000 |
| देय बिल | | 20,000 | भूमि एवं भवन | | 20,000 |
| | | 1,60,000 | | | 1,60,000 |

उपर्युक्त तिथि को फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ वें भाग के लिए एम को एक नया साझेदार बनाया गया । समझौते की शर्तें निम्न प्रकार थीं :

(i) एम अपनी पूँजी के लिए ₹ 80,000 तथा ख्याति प्रीमियम में अपने भाग के लिए ₹ 60,000 लाएगा ।

(ii) मशीनरी का पुनर्मूल्यांकन ₹ 45,000 किया गया ।

(iii) स्टॉक को 10% कम किया जाएगा तथा भूमि एवं भवन को 40% बढ़ाया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । *8*

**अथवा**

(b) एक्स, वाई तथा ज़ैड एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2020 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2020 को एक्स, वाई तथा ज़ैड का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 66,500 | भूमि | | 3,00,000 |
| देय बिल | | 10,000 | फर्नीचर | | 10,000 |
| लाभ-हानि खाता | | 22,500 | स्टॉक | | 20,000 |
| विधिक दावों के लिए प्रावधान | | 57,500 | देनदार | 20,000 | |
| पूँजी : | | | घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए | | |
| | | | प्रावधान | 500 | 19,500 |
| एक्स | 1,20,000 | | एकस्व | | 45,000 |
| वाई | 97,000 | | बैंक | | 50,000 |
| ज़ैड | 71,000 | 2,88,000 | | | |
| | | 4,44,500 | | | 4,44,500 |

collegedunia India's largest Student Review Platform

उपर्युक्त तिथि को ज़ैड ने अवकाश ग्रहण किया । अवकाश ग्रहण करने की शर्तें थीं :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 80,000 किया गया ।

(ii) भूमि को 10% बढ़ाया जाएगा तथा फर्नीचर पर 5% मूल्यह्रास लगाया जाएगा ।

(iii) विधिक दावों के लिए ₹ 61,000 का प्रावधान किया जाएगा ।

(iv) ज़ैड के पूँजी खाते से उसके ऋण खाते में ₹ 90,000 का स्थानांतरण किया जाएगा तथा उसे शेष का भुगतान चैक द्वारा किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । *8*

**22.** (a) अनुराग लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | – | ₹ 3 प्रति अंश |
| आबंटन पर | – | ₹ 3 प्रति अंश (प्रीमियम सम्मिलित) |
| प्रथम याचना पर | – | ₹ 2 प्रति अंश |
| द्वितीय एवं अंतिम याचना पर | – | शेष |

1,50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । निदेशकों ने यह निर्णय लिया कि 50,000 अंशों के आवेदनों को रद्द कर दिया जाए तथा अतिरिक्त आवेदन राशि को पूर्ण रूप से वापस कर दिया जाए । गोपाल, जो 600 अंशों का धारक था, प्रथम याचना तथा द्वितीय एवं अंतिम याचना का भुगतान करने में असफल रहा ।

अनुराग लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । जहाँ आवश्यक हो, अदत्त याचना खाता खोलिए । *8*

**अथवा**

(b) निम्न लेनदेनों के लिए रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *4+4=8*

(i) ए एक्स एन लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 2,400 अंशों का ₹ 3 प्रति अंश की अंतिम याचना को भुगतान नहीं करने पर हरण कर लिया । हरण किए गए अंशों में से 800 अंशों को ₹ 8 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनःनिर्गमित कर दिया गया ।

(ii) वन्या लिमिटेड ने हार्दिक लिमिटेड से एक चालू व्यवसाय का क्रय ₹ 18,00,000 में किया । ₹ 10,00,000 का भुगतान ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों का निर्गमन करके किया गया तथा शेष का भुगतान चैक द्वारा किया गया । हार्दिक लिमिटेड से अधिग्रहण की गई परिसम्पत्तियों तथा देयताओं में निम्न सम्मिलित थे :

| | ₹ |
|---|---|
| मशीनरी | 9,00,000 |
| भूमि तथा भवन | 13,50,000 |
| फर्नीचर | 8,50,000 |
| विविध लेनदार | 3,00,000 |

**भाग ख**

**विकल्प 1**

**(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)**

**23.** निम्न में से कौन-सी वित्तीय विश्लेषण की एक सीमा ***नहीं*** है ? *1*

(A) यह मूल्य स्तरीय परिवर्तनों को ध्यान में नहीं रखता ।

(B) यह केवल अन्तरिम प्रतिवेदनों का एक अध्ययन है ।

(C) फर्म द्वारा अनुसरण की जाने वाली लेखांकन पद्धतियों में होने वाले परिवर्तनों के ज्ञान के बिना यह भ्रामक हो सकता है ।

(D) यह फर्म की वित्तीय स्थिति में होने वाले परिवर्तनों के कारणों की पहचान करता है ।



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**24.** यदि प्रचालन अनुपात 83·79% है, तो प्रचालन लाभ अनुपात _________ होगा । *1*

**25.** तरल परिसम्पत्तियों में सम्मिलित ***नहीं*** होता : *1*

(A) व्यापारिक प्राप्य

(B) रोकड़ तथा रोकड़-तुल्य

(C) स्टॉक (मालसूची)

(D) अल्पकालीन निवेश

**26.** निम्न में से कौन-से लेनदेनों का परिणाम रोकड़ प्रवाह में ***नहीं*** होगा ? *1*

(A) ₹ 12,75,000 के भवन का नगद क्रय

(B) बैंक में ₹ 12,50,000 नगद जमा किए

(C) ₹ 20,00,000 के समता अंशों का नगद निर्गमन

(D) ₹ 7,50,000 के 8% ऋणपत्रों का नगद शोधन

**27.** रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय प्राप्त किए गए 'कमीशन तथा रॉयल्टी' को किसके अन्तर्गत दर्शाया जाता है ? *1*

(A) वित्तीय गतिविधि

(B) निवेश गतिविधि

(C) प्रचालन गतिविधि

(D) (B) तथा (C) दोनों

**28.** क्षैतिज विश्लेषण को _________ विश्लेषण के रूप में भी जाना जाता है । *1*

**29.** ________ व्यवसाय की अल्पकालीन ऋणशोधन क्षमता का आकलन करने में सहायक होता है । *1*

(A) आवर्त अनुपात

(B) ऋणशोधन क्षमता अनुपात

(C) तरलता अनुपात

(D) लाभप्रदता अनुपात

**30.** (a) एक कम्पनी का चालू अनुपात 2 : 1 है । कारण देते हुए बताइए कि निम्न लेनदेनों से चालू अनुपात घटेगा, बढ़ेगा या उसमें कोई परिवर्तन नहीं आएगा : *3*

(i) चालू देयता का भुगतान

(ii) माल का उधार क्रय

**अथवा**

(b) कम्पनी अधिनियम, 2013 की सूची III भाग I के अनुसार निम्न मदों को कम्पनी के स्थिति विवरण के किन शीर्षकों के अन्तर्गत दर्शाया जाएगा ? *3*

(i) खुदरा औज़ार

(ii) पूँजी संचय

(iii) देय बिल



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**31.** (a) निम्न सूचना से तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए : *4*

| विवरण | 2019 – 20 ₹ | 2018 – 19 ₹ |
|---|---|---|
| प्रचालन से आगम | 60,00,000 | 45,00,000 |
| कर्मचारी हितलाभ व्यय | 30,00,000 | 20,00,000 |
| अन्य व्यय | 15,00,000 | 10,00,000 |
| कर दर | 60% | 60% |

**अथवा**

(b) निम्न सूचना से सामान्य आकार स्थिति विवरण तैयार कीजिए : *4*

| | विवरण | नोट सं. | 31.3.2020 ₹ | 31.3.2019 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – समता तथा देयताएँ :** | | | | |
| 1. | अंशधारक निधियाँ | | 4,00,000 | 2,00,000 |
| 2. | अचल देयताएँ | | 2,50,000 | 1,00,000 |
| 3. | चालू देयताएँ | | 1,50,000 | 1,00,000 |
| | **कुल** | | 8,00,000 | 4,00,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | | |
| 1. | अचल परिसम्पत्तियाँ | | 5,00,000 | 2,50,000 |
| 2. | चालू परिसम्पत्तियाँ | | 3,00,000 | 1,50,000 |
| | **कुल** | | 8,00,000 | 4,00,000 |

**32.** (i) निम्न सूचना से, निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

| विवरण | 31.3.2020 ₹ | 31.3.2019 ₹ |
|---|---|---|
| संयंत्र तथा मशीनरी | 3,00,000 | 2,00,000 |
| ख्याति | 1,20,000 | 40,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

₹ 50,000 लागत की एक मशीन (जिस पर ₹ 15,000 मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया) को ₹ 40,000 में बेचा गया । वर्ष में ₹ 50,000 मूल्यह्रास लगाया गया । अपनी कार्य-टिप्पणियों को स्पष्ट रूप से दर्शाइए ।



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

(ii) निम्न सूचना से, वित्तीय गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

| विवरण | 31.3.2020 ₹ | 31.3.2019 ₹ |
|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 18,00,000 | 10,00,000 |
| 12% ऋणपत्र | 4,00,000 | 3,00,000 |
| प्रतिभूति प्रीमियम संचय | 1,40,000 | 1,00,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

ऋणपत्रों पर ₹ 36,000 ब्याज का भुगतान किया गया । *3+3=6*

**भाग ख**

**विकल्प 2**

**(अभिकलित्र लेखांकन)**

**23.** एस.क्यू.एल. का अर्थ है : *1*
(A) स्पेसिफिक क्वैरी लैंग्वेज
(B) सॉफ्टवेयर क्वैरी लैंग्वेज
(C) स्ट्रक्चर्ड क्वैरी लैंग्वेज
(D) स्टैण्डर्ड क्वैरी लैंग्वेज

**24.** 'सीमा (रेंज)' को परिभाषित कीजिए । *1*

**25.** निम्न में से कौन-सा कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली का एक लाभ ***नहीं*** है ? *1*
(A) रिकॉर्ड रखना
(B) समय पर प्रतिवेदनों को तैयार करना
(C) प्रणाली पर प्रभावी नियन्त्रण
(D) प्रौद्योगिकी का त्वरित अप्रचलन (पुराना पड़ जाना)

**26.** पी.एम.टी. कार्य का उपयोग निम्न में से किसकी गणना करने के लिए किया जाता है ? *1*
(A) अधिकतम वेतन
(B) मूल्यहास राशि
(C) ऋण भुगतान कार्यक्रम
(D) न्यूनतम वेतन

**27.** पेरोल डेटाबेस में स्टोर की गई सूचना के किन्हीं दो गुणों का उल्लेख कीजिए । *1*

**28.** एक _________ को एक बड़ी शीट जिसमें डेटा तथा सूचना को पंक्तियों तथा स्तम्भों में स्टोर किए जाने के रूप में परिभाषित किया जाता है । *1*

**29.** आधारभूत सूचना प्रक्रिया मॉडल का निम्न में से कौन-सा गतिविधि अनुक्रम सही है ? *1*
(A) डेटा एकत्रण, डेटा संगठन, डेटा प्रक्रियण तथा डेटा प्रेषण
(B) डेटा संगठन, डेटा एकत्रण तथा डेटा प्रक्रियण
(C) डेटा संगठन, डेटा एकत्रण तथा डेटा प्रेषण
(D) डेटा प्रक्रियण, डेटा एकत्रण तथा डेटा संगठन



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**30.** (a) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *3*

**अथवा**

(b) टैली सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि के लिए उपयोग किए जाने वाले किन्हीं तीन प्रकार के लेखांकन वाउचरों का उल्लेख कीजिए । *3*

**31.** (a) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की किन्हीं चार सीमाओं को समझाइए । *4*

**अथवा**

(b) समायोजन प्रविष्टियों को समझाइए । *4*

**32.** एक सॉफ्टवेयर किस प्रकार अपने उपयोगकर्ताओं को आँकड़ों की सुरक्षा प्रदान करता है, समझाइए । *6*

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform